कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस-नोट

दिनांक- 21.03.2023

आज दिनांक 21.03.2023 को समय 14.00 बजे थाना जैतपुरा का वार्षिक निरीक्षण किये जाने हेतु श्री आर0एस0 गौतम पुलिस उपायुक्त जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी थाना जैतपुरा पहुँचे। सर्वप्रथम गार्द सलामी लेते हुए इनके द्वारा थाने के प्रशासनिक भवन, बैरक, आवास एवं भोजनालय व थाना परिसर का भ्रमण किया गया तथा आवश्यक साफ-सफाई हेतु प्रभारी निरीक्षक जैतपुरा एवं हेड मुहर्रिर को निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त थाने के अभिलेखों, रजिस्टर इत्यादि को चेक किया गया तथा थाने पर नियुक्त आरक्षीगण व उप-निरीक्षणगण के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी के दौरान उपस्थित कर्मचारीगणों की समस्या सुनी गयी तथा महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सरकार द्वारा प्रचलित योजनाओं यथा महिला सशक्तिकरण, महिला हेल्प डेस्क, महिला हेल्प लाइन-1090, के कर्तव्यों से अवगत कराते हुए आम जनमानस में जागरुकता लाये जाने हेतु सभी को निर्देशित किया गया तथा महिला अपराधों तथा साइबर क्राइम पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में समस्त कर्मियों को निष्ठा/सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किये जाने हेतु बताया गया। महिला आरक्षियों को यह भी निर्देश दिया गया कि अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर स्कूल/कॉलेज के पास एण्टीरोमियों के तहत चेकिंग करें, व महिलाओं को एकत्र कर उनकी समस्याओं को जाने व उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करें जिससे नाबालिग बच्चे/बच्चियों के अपराधों में कमी लायी जा सके तथा बीट आरक्षियों को निर्देशित किया गया की अपने बीट क्षेत्र में सतर्कता के साथ भ्रमणशील रहे तथा क्षेत्र के माफिया/अपराधी किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित करें एवं इसकी सूचना अपने बीट प्रभारी/थानाध्यक्ष बताते हुए अपने बीट बुक में दर्ज करते हुए अन्तर्गत धारा- 107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही करे तथा पाबन्द कराये, उलंघन करने पर अन्तर्गत धारा-122 सीआरपीसी की कार्यवाही करें ताकि अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। तथा क्षेत्र में शांति/कानून व्यवस्था को सुदृढं बनाये रखने हेतु यह भी निर्देशित किया गया कि थानाप्रभारी व समस्त उप निरीक्षकगण मय पुलिस फोर्स के नियमित पैदल गस्त करेंगे व जनता के साथ संवाद स्थापित करेंगे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
जोन-काशी,
कमिश्नरेट-वाराणसी